SHRI GURUDAS DAS GUPTA: What is the guarantee that the money that is brough into the country will not be used for speculation, for blackmarketing and other things? He is just sermonising. Can he give this guarantee?

SHRI JAGESH DESAI: Sir, we want an half-an-hour discussion on this.

SHRI GURUDAS DAS GUPTA: Sir, I seek your protection.

MR. CHAIRMAN: He has given the answer. That is all. I cannot force him to say anything.

श्रीमती सुषमा स्वराज : श्रीमन, मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से यह जानना चाहती हूं कि 1977–79 के दौरान जब जनता पार्टी का शासन था तो उस समय सोने की कीमत 1100 रुपए तोला हो गई थी और हमारे उधर के साथी घूम घूमकर यह प्रचार कर रहे थे कि क्या कोई गरीब महिला अब मंगलसूत्र पहन सकती है और जनता पार्टी के शासकों पर आरोप लगाया कि उन्होंने गरीब महिलाओं को मंगलसूत्र पहनने से भी वंचित कर दिया । मैं मंत्री महोदय से पूछना चाहती हूं कि अब जब सोने की कीमत तब के मुकाबले में चार गुना से भी ज्यादा यानि 4000 से 4800 रुपए तोला हो गई है तो आज मंगलसूत्र तो क्या अंगूठी पहनना भी गरीब महिलाओं के लिए कठिन हो गया है...

श्री सभापति : यह सवाल तो ज्वैलरी इंपोर्ट करने के बारे में है...

श्रीमती सुषमा स्वराज : तभी तो मैं मंत्री जी से जानना चाहती हूं कि सोने की कीमत घटाने के लिए बैगेज रूल्स में संशोधन के अलावा और कौन कौन से प्रयास सरकार कर रही है

MR. CHAIRMAN: Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS

राज्य व्यापार निगम के लिए निर्यात लक्ष्य

*167. **सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :***
श्री राम जेठमलानी :

क्या वाणिज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि राज्य व्यापार निगम द्वारा 1990–91 के वर्ष के दौरान किए गए निर्यात के मूल्य में पिछले वर्षों की तुलना में कमी आई है ;

(ख) यदि हां, तो क्या राज्य व्यापार निगम के लिए 1991–92 के वर्ष हेतु 640 करोड़ रुपए का निर्यात-लक्ष्य निर्धारित किया गया है ;

(ग) यदि हां, तो क्या यह सच है कि लक्ष्य 1989–90 के वर्ष के निर्यातों के मूल्य से कम है ;

(घ) इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ङ) राज्य व्यापार निगम के लिए कम निर्यात का लक्ष्य निर्धारित किए जाने के क्या कारण हैं ?

वाणिज्य मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री पी० चिदम्बरम) : (क) जी, हां ।

(ख) वर्ष 1991–92 के लिए 662 करोड़ रु० मूल्य का निर्यात-लक्ष्य रखा गया है ।

(ग) से (ङ) जी हां । वर्ष 1991–92 के लिए निर्धारित 662 करोड़ रु0 मूल्य का निर्यात लक्ष्य वर्ष 1989–90 के दौरान किए गए 752 करोड़ रु0 मूल्य के निर्यात की तुलना में कम है । किन्तु, वर्ष 1991–92 के लिए निर्धारित लक्ष्य वर्ष 1990–91 में हुए वास्तविक निर्यात की अपेक्षा अधिक है । अपेक्षतया कम निर्यात लक्ष्य मुख्य कारण यह है कि अगस्त, 1991 में में कुछ निर्यात मदों का सरणीयन समाप्त कर दिया गया है और वर्ष 1989–90

के दौरान किए गए प्रति-व्यापार निर्यात (1341 करोड़ रुपए) की तुलना में वर्ष 1991-92 में घटकर उसके 100 करोड़ रु0 रह जाने की संभावना है ।

भारतीय स्टेट बैंक के सहायक बैंकों का कतिपय अन्य बैंकों में विलय

*168. **श्री राम नरेश यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार द्वारा इन्दौर स्टेट बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक के अन्य सहायक बैंकों को कतिपय अन्य बैंकों विलय कर दिए जाने की संभावना है ;

(ख) यदि हां, तो उनके मंत्रालय को इस संबंध में प्राप्त हुए प्रस्तावों/सुझावों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) ये सहायक बैंक भविष्य में किस तरह से जाने जाएंगे ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री दलबीर सिंह) : (क) से (ग) वित्तीय प्रणाली को संरचना, संगठन, कार्यकरण तथा पद्धतियों से सम्बन्धित सभी पहलुओं की जांच करने के लिए सरकार ने श्री एम0 नरसिंहम की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था। समिति ने 20-11-91 को अपनी रिपोर्ट सरकार को प्रस्तुत कर दी है । समिति की रिपोर्ट की भारतीय रिजर्व बैंक तथा इससे सम्बन्धित अन्य अभिकरणों के परामर्श से जांच की जाएगी ।

Power Generating capacity of NTPC power plants

*169. SHRIMATI VEENA VERMA: Will the Minister of POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES be pleased to state:

(a) what is the total power generating capacity of the each plant of the National Thermal Power Corporation at present; and

(b) what steps Government propose to take to raise the power generating capacity of these plants during the current financial year?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF POWER AND NON-CONVENTIONAL ENERGY SOURCES (SHRI KALP NATH RAI): (a) The generating capacity of the power plants of the National Thermal Power Corporation (NTPC), commissioned till date is 10,125 MW. The plant-wise details are given in the statement attached. (See below).

(b) During the current financial year, no additional power generating capacity in any of these plants will be commissioned.

STATEMENT

Details of NTPC Generating Capacity

Sl. No.	Projects	Location Distt. State	Commissioned Capacity (MW)
1.	Singrauli STPP	Sondbadra, UP	2100
2.	Korba STPP	Bilaspur, MP	2100
3.	Ramagundam STPP	Karimnagar, AP	2100
4.	Farakha STPP St. I	Murshidabad, WB	600
5.	Vindhyachal STPP St. I	Sidhi, MP	1260
6.	Rihand STPP St. I	Sonebadra, UP	1000
7.	Auraiya GPP	Etawah, UP	652*
8.	Anta FPP St. I	Kota, Rajasthan	413*
			10125

(*) The capacity of the Auraiya and Anta Gas Based Power stationes as approved was 600 MW respectively. However, based on actual generation capacity of equipment installed, their capacity is as indicated above.